हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

06 शिक्षा का उद्देश्य अर्थोपार्जन नहीं ...



09 पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के जन्म का...





## समाचार संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का 16 को आगमन दो ट्रेनों के स्टॉपेज का करेंगे उद्घाटन



**गुना ।** केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री व गुना सांसद मंगलवार 16 दिसंबर को गुना आगमन हो रहा है जहाँ वे दो ट्रेनों का बहुप्रतीक्षित स्टॉपेज की स्वीकृति का समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे । भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया सड़क मार्ग द्वारा शिवपुरी से बमौरी विधानसभा अंतर्गत म्याना पहुंचेंगे जहाँ कई वर्षों से चली आ रही ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी ट्रेन के स्टॉपेज की माँग को पूरा करते हुए इसकी स्वीकृति का शुभारंभ करेंगे वहीं गुना विधानसभा अंतर्गत पगारा स्टेशन पहुंचकर भोपाल जोधपुर ट्रेन के पगारा स्टेशन पर स्टॉपेज की स्वीकृति का भी समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे । इन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग कई वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया से की जा रही थी जिसकी रेल प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है । पगारा से वे अशोकनगर प्रस्थान करेंगे । बुधवार को वे प्रातः गुना पहुंचकर सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसके उपरांत वे शिवपुरी के लिए रवाना होंगे ।

### नगर पालिका परिषद गुना द्वारा “स्वच्छ धर्म स्थल अभियान ”

**गुना।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री के निर्देशानुसार नगर पालिका की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट के सदस्यों द्वारा निरंतर नागरिकों को जागरूकता किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज स्वच्छ धर्म स्थल अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद गुना की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मेनेजमेंट सर्विसेस द्वारा वार्ड नंबर 17,11 नीलकंठ मंदिर, हनुमंता मंदिर के आस - पास स्वच्छता बनाए रखने हेतु नागरिको को समझाइश दी गई साथ ही नागरिको को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान नपा टीम द्वारा धर्म स्थलों के आसपास सफाई श्रमदान किया।

### वार्ड क्रमांक 29 हनुमान बस्ती में 4 जनवरी हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**गुना।** बांसखेड़ी वार्ड क्रमांक 29 हनुमान बस्ती में 4 जनवरी 2026 को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय निवासी और कार्यक्रम के जानकारी संजीव कुशवाह द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में हिंदू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे सामाजिक एकताः सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समुदाय के लोगों को एकजुट करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।- सांस्कृतिक आदान-प्रदानः सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को साझा करने का अवसर मिलेगा।

### जूनियर रेडक्रास के प्रांतीय सह सदभावना शिविर का शुभांरभ आज

**गुना।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गुना द्वारा जूनियर रेडक्रास के प्रांतीय सह सद्भावना शिविर का शुभांरभ समारोह 12 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे क्रांतीवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न होगा ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्यामसिंह कुमरे आईएएस (से.नि.) प्रांतीय चेयरमेन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मप्र राज्य शाखा होंगे।कार्यक्रम केविशिष्ट अतिथि अशोक अग्रवाल आरएसएस मध्य क्षेत्र कार्यवाह एवं प्रदीप जैन विजयश्री पाइप्स रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल करेंगे। प्रबंध कार्यकारिणी समिति भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा गुना ने नागरिकों से अधिक संख्या में पहुंचकर छात्रों का मनोबल बढ़ाने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महाप्रबंधक को वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# एनएफएल के परिसर में फिर तेंदुआ की आमद से फैल गई दहशत

- जंगल एवं पानी की उपलब्धता वाले क्षेत्र में न जायें
- केवल आवश्यक कार्य हेतु समूह में जायें
- यदि वन्यप्राणी किसी को दिखाई दे तो वनविभाग को तुरन्त सूचित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



एनएफएल परिसर में वन्यप्राणी तेन्दुआ की उपस्थिति की सूचना वाले स्थल, परिसर के जंगल वाला क्षेत्र एवं पानी की उपलब्धता वाले क्षेत्र में न जाएं ।केवल आवश्यक कार्य हेतु समूह में जाये। यदि वन्यप्राणी किसी को दिखाई देता है तो वह वनविभाग को तुरन्त सूचित करे। उक्त आशय की सूचना के साथनैशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड विजयपुर के महाप्रबंधक को एनएफएल प्लांट परिसर विजयपुर में तेन्दुआ के विचरण की उपस्थिति के संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र राघौगढ़ द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

### क्या लिखा है पत्र में

वन विभाग द्वारा एनएफएल महाप्रबंधक को लिखे पत्र में कहा गया है कि एनएफएल परिसर विजयपुर में वन्यप्राणी तेन्दुआ की विचरण की सूचना प्राप्त हुई है। अतः आप अधिनस्थ कर्मचारियों एवं श्रमिको तथा उनके परिवार वालो को निर्देशित करे कि वो एनएफएल परिसर में वन्यप्राणी तेन्दुआ की उपस्थिति की सूचना वाले स्थल, परिसर के जंगल वाला क्षेत्र एवं पानी की उपलब्धता वाले क्षेत्र में न जायें केवल आवश्यक कार्य हेतु समूह में जायें। यदि वन्यप्राणी किसी को दिखाई देता है तो वह वनविभाग को तुरन्त सूचित करें।

### पहले भी तेंदुआ पकड़ा जा चुका है

यह पहली घटना नहीं है जब एनएफएल परिसर में तेंदुआ ने दस्तक दी है। इसके पहले भी तेंदूआ की दस्तक से काफी दिनों तक परिसर का माहौल दहशत ज्यादा हो गया था । रहवासी अपने घरों में ही कैद होकर रह गए थे ।कार्य स्थल पर जाने में उन्हें डर लगने लगा था। तब बड़ी मेहनत और मसक्कत के बाद योजना बद्ध तरीके से बकरी को पिंजरे में रखकर वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी ।अब एक बार फिर से वही खौफ का माहौल एनएफएल परिसर में देखने को मिल रहा है। देखना होगा कामयाबी कितने दिनों बाद मिलेगी।

### सीआईएसएफ के द्वारा देखे गए

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लांट की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एजेंसी सीआईएसएफ के जबानों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते समय जंगली जानवरों की चहलकदमी को देखा गया।

गौर से देखने पर तेंदुआ के रूप में इनकी पहचान हुई , इसके बाद वन विभाग को सूचित किया गया वन विभाग ने प्लांट में दूरस्थ स्थानों पर अकेले न जाने एवं अपनी सावधानी और सुरक्षा के साथ ही प्लांट में भ्रमण करने का अनुरोध किया है।



## विद्युत तार चोरी के प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना पुलिस द्वारा विद्युत तार चोरी के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है । गौरतलब है कि दिनांक 23-24 जून 2024 की मध्यरात्रि में आरोन थानांतर्गत ग्राम देवमढ़ी-सिरसी गांव के बीच लगे लगभग 97 विधुत खंबो से किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तार चोरी की घटना की गई थी ।

जिस पर से आरोन थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 533/24 धारा 379, 427 भादवि इजाफा धारा 138 विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था । प्रकरण की विवेचना के दौरान विद्युत तार चोरी की उक्त घटना में आरोपीगण सुरेन्द्र धाकड़, अभिषेक धाकड़, मोनू उर्फ छतर सिंह धाकड़, अर्जुन धाकड़ एवं दिलीप धाकड़ की संलिप्तता पाई जाने पर पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गई थी और पूर्व में चार आरोपियों सुरेन्द्र, अभिषेक, मोनू उर्फ छतर सिंह और अर्जुन धाकड़ को गिरफ्तार किया जा चुका था एवं फरार अंतिम आरोपी दिलीप धाकड़ के गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा अपना मुखिबर जाल बिछाकर सघन दविशें दी जा रहीं थी । जिसके परिणाम स्वरूप 11 दिसंबर को आरोपी के संबंध में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोन थाना पुलिस ने तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी दिलीप पुत्र सुखलाल धाकड़ उम्र 24 साल निवासी ग्राम कंचनपुरा थाना केंट गुना को भी गिरफ्तार कर विधिवत कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय पेश किया गया।

आरोन थाना पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह, उपनिरीक्षक रविनन्दन शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक राममोहन दुबे, प्रधान आरक्षक जितेंद्रपाल, आरक्षक सोनू जाट, आरक्षक सचिन परिहार, आरक्षक गौरव शर्मा, आरक्षक प्रवीण मीणा एवं साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव का योगदान रहा है ।

## गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई अपहृत दो नाबालिग बालिकाएं सुरक्षित दस्तयाब एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में सराहनीय तत्परता दिखाते हुए अपहृत नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पहला मामला चांचौड़ा थाना क्षेत्र की बीनागंज चौकी का है, जहां 9 दिसंबर को सूचना मिली कि टोड़ी रोड ब्रिज के पास एक संदिग्ध युवक कम उम्र की लडक़ी के साथ बस का इंतजार कर रहा है।

पुलिस टीम मौके पर पहुँची और पूछताछ में लडक़ी नाबालिग पाई गई, जबकि युवक ने अपना नाम अभिषेक केवट निवासी घाटाखेड़ी बताया। जांच में पुष्टि हुई कि बालिका विदिशा जिले के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र से अपहृत है और अपराध क्रमांक 137/25 धारा 137(2) बीएनएस में दर्ज प्रकरण की पीड़िता है। दोनों को सुरक्षित चौकी लाकर संरक्षण में रखा गया और बाद में नियमानुसार हैदरगढ़ पुलिस और परिजनों को सौंप दिया गया।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दो को जब्त कर अन्य यात्री बसों पर लगाया 63 हजार रुपए का जुर्माना

### जिले में बसों के विरुद्ध जांच कार्रवाई जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में यात्री बसों की जांच कार्रवाई सतत जारी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य ने बताया कि बजरंगगढ़ आरोन मार्ग पर चल रही यात्री बसों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 15 बसें चैक की गई। जिनमें परमिट, फिटनेस,फायर फाइटर, फर्स्ट एड किट आदि का निरीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत MP13ZR8714 व MP08P0549 बिना परमिट पाई गई एवं इन्हें बजरंगगढ़ ,आरोन थाने में जब्त कर खड़ी की गई इसी प्रकार अन्य 05 बसों पर 63000 की चलानी कार्रवाई की गई । गुरुवार को की गई कार्रवाई के दौरान बस ड्राइवर व कंडक्टरों को सुरक्षा नियमो का पालन करने की भी समझाइश दी गई । उक्त कार्रवाई में गुना आरटीओ ज्ञानेन्द्र वैश्य, चेक प्वाइंट प्रभारी महेश मांझी, आरटीओ कार्यालय से विवेक दुबे, प्रशांत गुप्ता, आरक्षक हेमंत रघुवंशी, विकास रघुवंशी नगर सैनिक राममोहन रघुवंशी एवं अतुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय गुना में अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट

# अब शहर में मरीजों को मिल रही सुरक्षित व निरंतर जीवनरक्षक सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में जिला चिकित्सालय गुना में डायलिसिस यूनिट सफलतापूर्वक संचालन में है। जहां किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का अत्याधुनिक मशीनों द्वारा उपचार किया जाता है। यूनिट में वर्तमान में 6 डायलिसिस मशीनें पूर्णतः क्रियाशील हैं। डायलिसिस प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज के शरीर का रक्त मशीन से होकर गुजरता है, जहां विशेष फ़िल्टर के माध्यम से खून से अपशिष्ट तत्व, अतिरिक्त पानी एवं विषैले पदार्थ बाहर निकाले जाते हैं तथा शुद्ध रक्त वापस शरीर में भेजा जाता है। यह प्रक्रिया



सामान्यतः 4 घंटे तक चलती है और किडनी के काम को मशीन द्वारा पूरा किया जाता है। वर्ष 2016 से जिले के सुरेश सैनी (उम्र 51 वर्ष) का नियमित डायलिसिस जिला अस्पताल में किया जा रहा है और अब तक 847 डायलिसिस सफलतापूर्वक हो चुके हैं। वे आज पूर्णतः स्वस्थ हैं और खेती-बाड़ी का कार्य भी सुचारू रूप से कर पा रहे हैं। इसके साथ ही अप्रैल 2025 से आज दिनांक तक यूनिट में कुल 2016 डायलिसिस किए जा चुके हैं, जो इस सेवा की गुणवत्ता का प्रमाण है। आयुष्मान कार्ड या बीपीएल कार्ड वाले मरीजों का उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। जबकि जिन मरीजों के पास यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनके लिए केवल 500 प्रति डायलिसिस का न्यूनतम शुल्क निर्धारित है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा यूनिट का नियमित निरीक्षण कर कार्यप्रणाली, मशीनों की स्थिति, स्वच्छता एवं मरीज सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश प्रदान किए जाते हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु◌ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### औद्योगिक भ्रमण से समृद्ध हुआ छात्राओं का ज्ञान जेपी यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने किया विभिन्न विभागों का निरीक्षण

चाचौड़ा। बुधवार को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड (आईटी/ब्यूटी एंड वैलनेस) की छात्राओं को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीनागंज द्वारा जेपी यूनिवर्सिटी, राघोगढ़ में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में लगभग 120 छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।भ्रमण के दौरान प्राचार्य राकेश कुमार मीना, श्री राजवीर लोधा, रितिक सिंह बैस, चंचला शाक्यवार, बिन्दु शर्मा, रचना दुबे, मनीषा कुशवाहा, तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक विमल सिंह चौहान और रजनी



बघेल ने छात्राओं को पूरे दौरे में मार्गदर्शन प्रदान किया।छात्राओं ने यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों कंप्यूटर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, सिविल, केमिकल एवं लाइब्रेरी लैब का अवलोकन किया और तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया।इस औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में यूनिवर्सिटी के सदस्यों एवं फैकल्टी का विशेष योगदान रहा। तरुण सामंत एवं प्रकाश सैनी ने छात्राओं को विभिन्न विषयों एवं विभागों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया।विद्यालय परिवार ने ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### मिनी वृंदावन चंपावती में दंडवत परिक्रमा शुरू, आठ दिन में होगी पूर्ण

चाचौड़ा। चाचौड़ा स्थित पावन चंपावती धाम में बीते लगभग दो वर्षों से प्रत्येक पूर्णिमा पर नियमित रूप से परिक्रमा की परंपरा जारी है। इस पावन आयोजन में न सिर्फ चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र के श्रद्धालु, बल्कि दूर-दूर से भी



हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल होते हैं।परिक्रमा का यह अध्यात्मिक सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में कुछ युवकों ने 5.30 कोस की दंडवत परिक्रमा प्रारंभ की है, जिसे पूर्ण होने में लगभग आठ दिन लगेंगे।दंडवत परिक्रमा का यह कठिन संकल्प सिकी शर्मा, भल्लू शर्मा, अनिल माली और मुरारी माली द्वारा किया जा रहा है। भक्तजन इनके इस अद्भुत और श्रद्धाभाव से परिपूर्ण प्रयास की सराहना कर रहे हैं।चंपावती धाम को अब "मिनी वृंदावन" के रूप में भी जाना जाने लगा है, जहां श्रद्धालु हर पूर्णिमा को बड़ी संख्या में पहुंचकर माता के दर्शन और परिक्रमा का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

### आरोन कृषि उपज मंडी में हम्मालों की अनिश्चित कालीन हड़ताल: "10% वार्षिक वेतन वृद्धि चाहिए"



आरोन । नगर कृषि उपज मंडी में कामगारों (हम्मालों) ने 11दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनका मुख्य मुद्दा है—हर साल10% वेतन वृद्धि और चक्रवृद्धि वेतन की गारंटी।यूनियन के अध्यक्ष का बयानहम्माल पल्लेदार तुलावटी एकता फेडरेशन (सीटू) के अध्यक्ष दिलीप ग्वाल ने बताया, हम हर साल 10% की वृद्धि और चक्रवृद्धि वेतन चाहते हैं।" ग्वाल ने कहा कि व्यापारियों की ओर से बाहर से लेबर लाकर काम कराने की बात कही जा रही है, पर मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। इसी कारण हम सभी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।मंडी पर प्रभावहड़ताल के चलते मंडी में मक्का की बम्पर आवक के बावजूद तुलाईलदाई पूरी तरह ठप है। किसान अपनी फसलें समय पर नहीं बेच पा रहे, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### सिद्ध चक्र मंडल विधान में योग सागर जी के मंगल प्रवचन

# शिक्षा का उद्देश्य अर्थोपार्जन नहीं ज्ञानार्जन भी होना चाहिए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़



धर्मनगरी राघौगढ़ में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के पांचवें दिन आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में हम हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को भूल गए हैं। भारत में कान्वेंट प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं जो शिक्षा के साथ-साथ धर्म परिवर्तन भी करा रहे हैं। शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य अर्थ उपार्जन हो गया है। जबकि शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन एवं आध्यात्मिक की होना चाहिए। हमें ऐसी शिक्षा देना चाहिए जो नौकरी देकर गुलाम न बनाये बल्कि स्वावलंबी बनकर दूसरों को रोजगार दे। इसी भावना को ध्यान में रखकर आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज ने बालिकाओं को शिक्षित एवं सुसंस्कृत करने के उद्देश्य से देश में प्रतिभा स्थली की स्थापना की है। डोंगरगढ़, रामटेक, ललितपुर, जबलपुर एवं इंदौर, मैं प्रतिभास्थली की स्थापना की गई है। प्रतिभास्थली में बालिकाओं को लौकिक शिक्षा देश की मातृभाषा हिंदी में दी जाती है उन्हें संस्कार मां बनाया जा रहा है। संघस्थ मुनि निरामह सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा इस शदी के महान संत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की त्याग और तपस्या अनुकरणीय है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें उनका आशीर्वाद मिला है। प्रतिभास्थली इंदौर से आई ब्रह्मचारिणी सोनाली दीदी, ब्रह्मचारिणी अंजलि दीदी एवं ब्रह्मचारिणी आयुषी दीदी ने प्रतिभास्थली इंदौर जो की आचार्य गुरु विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित है इस कन्या आवासीय विद्यालय की विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख किया और प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतिभास्थली की शिक्षण आवास एवं भोजन व्यवस्था का प्रदर्शन किया। आपने समाज को आव्हान किया अपनी बालिकाओं को सुसंस्कारित बनाने उनका प्रवेश प्रतिभा स्थली में कराये। आपने कहा मुनि निर्लेप सागर जी महाराज जो कि राघौगढ़ नगर गौरव है उनके गृहस्थ जीवन के पिताजी अनिल कुमार रावत हमारे संरक्षक हैं इंदौर प्रतिभास्थली की सभी 45 दीदियां इन्हें पिताजी कह कर पुकारती है। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने सिद्ध चक्र मंडल विधान के पांच में दोनों पांचवें दिन के धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं नव देवता पूजन हुई तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजन हुई एवं सिद्ध भगवान के गुणानुवाद करते हुए 256 अर्घ अर्पित किए गए। शाम 5:15 बजे उन्हें संघ के पावन सानिध्य में आचार्य भक्ति हुई रात्रि ठीक 7:30 बजे से आरती भक्ति हुई रात्रि 8:00 बजे बाल ब्रह्मचारी विज्ञानाचार्य पंडित संजीव भैया जी के निर्देशन में जैन समाज के 3 वर्ष से अधिक के अविवाहित बालक बालिकाओं के लिए संस्कार महोत्सव का आयोजन कर सुसंस्कार दिये गये।

### दिल्ली आंदोलन व गिर्राजी परिक्रमा को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आरोन में बैठक आयोजित

आरोन। दिल्ली में बोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन एवं जयवर्धन सिंह की गिर्राज जी महाराज परिक्रमा कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, आरोन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संगठनात्मक रणनीति, आगामी आंदोलन की दिशा तथा जिला स्तर पर की जाने वाली तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने बताया कि आगे की रूपरेखा तय करने के लिए 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे सभी कांग्रेसजन को गुना जिला कांग्रेस कार्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।



### अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 82 हजार 500 की अवैध मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में दिनांक 10-12-2025 को आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी एल. आर. करोसिया द्वारा ग्राम जामोन्या जागीर, सानई के टपरा एवं टोड़ी रोड बीनागंज पर दबिश दी गयी । दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A, 34(1)F एवं 34(2) के तहत



कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में कुल 75 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 450 कि. ग्रा. गुड़ लाहन बरामद किया गया, लाने की असमर्थता के कारण सैंपल लेकर गुड़ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 82500 रुपये है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, दिनेश कुमार राठौर महिला आरक्षक जेम्मा एक्का एवं टीना वर्मा की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

### राघौगढ़ नपा ने चलाया विशेष अभियान

राघौगढ़। नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं सीएमओ तेज सिंह यादव ने नामांतरण प्रमाण पत्रों का वितरण किया। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एवं फोती नामांतरण के आधार पर 18 प्रमाण पत्र वितरण किये। जिसमें संजय साहू पुत्र अशर्फीलाल साहू, लक्ष्मी बाई पत्नी बंसीलाल सैनी ,ज्योति जैन पत्नी जितेंद्र, ममता धाकड़ पत्नी हरि सिंह धाकड़ एवं अन्य आवेदको ने



न. पा. पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया इस अवसर पर पार्षद चंद्रशेखर बुनकर पार्षद पति अशोक मीना राजस्व शाखा प्रभारी नीरज मेर शिवम मेर एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे ,इस अवसर पर सीएमओ तेज सिंह यादव द्वारा बताया गया कि,नामांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने में किसी भी आवेदक कोई परेशानी ना हो ,इसलिए सभी आवेदकों दूरभाष पर सूचना भेजकर कार्यकाल में बुलाया तथा प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

# सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का रंगारंग समापन

(प्रतिभागियों को प्रशास्ति पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किये)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ. 11 दिसंबर 2025 को सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव - 2025 (महाकवि सुब्रमणिया भारती जयंती) का समापन रंगारंग प्रस्तुतियों व कला प्रदर्शनी के साथ हुआ। स अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अरविद कुमार तिवारी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्जलवित कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी अनुक्रम मे डॉ. फौजिया बानो (कार्यक्रम प्रभारी) ने इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों मे एकल नृत्य मे प्रथम स्थान अलफिया मंसूरी रही नयनश्री एकल नृत्य में द्वितीय स्थान, एवं कला प्रदर्शनी में तृतीय स्थान नन्दनी मोगिया एवं मनु लोधा रही। सबा खान भिन्न भाषा संवाद व एकल नृत्य में प्रथम रही एवं कार्यक्रम में सम्मलित प्रतिभागियों को प्रशास्ति पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पूजा भाटी ने उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य प्राध्यापकगण एवं समस्त विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## पिता-पुत्र पर किए गए हमले के विरोध में अभिभाषक संघ ने एसपी को ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू के नेतृत्व में अभिभाषकों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने एसपी राजीव कुमार मिश्रा से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपा और कहा कि अभिभाषक संघ के सम्मानित सदस्य कमलसिंह रघुवंशी और उनके पुत्र सतीश रघुवंशी पर किए गए जान लेवा हमले को लेकर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि अभिभाषक संघ के सदस्य सतीश रघुवंशी एवं उनके पिता वरिष्ठ अभिभाषक कमल सिंह रघुवंशी के ऊपर किया गया जानलेवा हमला सुनियोजित है। इस मौके पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित अन्य अभिभाषकों ने एसपी को घटना के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एक दिन पहले अभिभाषक संघ ने भी बैठक कर इस घटना की निंदा की है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने का अनुरोध किया साथ ही पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के द्वारा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने एवं जिला बदल करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। प्रतिनिधि मंडल में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एडवोकेट सचिव रामनिवास शर्मा कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव,वरिष्ठ अभिभाषक ओम प्रकाश चैधरी, कमल सिंह ,रघुवंशी रामेश्वर भारद्वाज, देवेंद्र सोनी, अरविंद रघुवंशी, जीवनलाल प्रभाकर आदि रहे मौजूद।

### बजरंगदल के मशाल जुलूस में पुलिस बल अग्निशामक यंत्र के साथ रहा तैनात




अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बजरंगदल के मशाल जुलूस में पुलिस बल अग्निशामक यंत्र के साथ तैनात रहा। इसी क्रम में दिनांक 09.12.2025 से 15.12.2025 तक पुरानी कृषि उपज मंडी, अशोकनगर में आयोजित हो रहे पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सजावट, लाईट, टेंट एवं पर्दो इत्यादि की व्यवस्था की गई है। इसी बीच दिनांक 11.12.2025 को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा हिंदू शौर्य जागरण के उपलक्ष्य में रामलीला मंच सुभाषगंज अशोकनगर से मशाल जुलूस निकाला गया। जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी नवाचार करते हुए जुलूस के पूरे मार्ग में पुलिस बल को अग्निशामक यंत्र के साथ विशेष रूप से तैनात किया गया। पुलिस बल द्वारा जुलूस के प्रारंभ से समापन तक लगातार निगरानी की गई। इस व्यवस्था के कारण टेंट, पर्दों एवं अन्य सामग्री के समीप किसी भी प्रकार की आगजनी या दुर्घटना की आशंका को पूर्णतः नियंत्रित किया जा सके।

## पंजाबी महिला समिति ने ट्रैफिक पुलिस के साथ चलाया जन-जागरूकता अभियान

अशोकनगर। पंजाबी महिला समिति ने गुरूवार को स्थानीय ट्रैफिक पुलिस प्रभारी स्नेहा ठाकुर और उनकी टीम के सहयोग से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान समिति की महिलाओं ने बाजार और मुख्य चैराहों पर राहगीरों तथा वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने हेलमेट पहनने, सीट-बेल्ट लगाने, गति सीमा का पालन करने और मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से बताया। समिति की सदस्यों ने लोगों को सड़क सुरक्षा से जुड़े पंपलेट भी वितरित किए। अभियान के दौरान जिन लोगों को यातायात नियमों का सही पालन करते पाया गया, उन्हें समिति द्वारा छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके जरिए लोगों में सुरक्षित ड्राइविंग को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। समिति अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है और ऐसे



अभियानों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। ट्रैफिक पुलिस ने भी समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज और पुलिस मिलकर काम करें तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।इस जागरूकता अभियान में गायत्री अरोरा के साथ सचिव मीता सदाना, सुषमा छाबड़ा, वैशाली सलूजा और अमिता सेठी ने अपना सहयोग दिया। अगर आप इसे 'थोड़ा छोटा,''थोड़ा लंबा, या ''आपकी संस्था के नाम के साथ कस्टम' करवाना चाहें तो मैं बना दूं।

## जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर व बंदियों को बताए अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में गुरूवार को जिला जेल में बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम नैथाई निवासी रामबाबू कुशवाह के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने नई बसाहट निवासी प्रमोद सांसी के पास से हाथभटटी की 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले की सेहराई पुलिस ने देवपुर चक्क निवासी काबुल सिक्ख के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## जिस घर में राम कथा होती है वहां सुख सम्पत्ति अपने आप आती है: देवमुरारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

देव मुरारी बापू ने राम कथा पर प्रवचन देते हुए कहा कि त्रेता युग में भगवान शंकर और पार्वती जी के माध्यम से शुरू हुआ। उदाहरण देते हुए भारद्वाज जी से कहा त्रेता युग में भगवान शंकर और पार्वती के माध्यम से राम कथा का जन्म हुआ। दंपति जीवन वही धन्य है जो कामवासनाओं की बात छोड़कर राम उपासना और राम भक्त के बारे में बात करें। जिस घर में राम कथा होती है वहां अनेक प्रकार की सुख संपत्ति अपने आप आती है और विपरीत स्थिति में भी परिवार में सुमित सुमति होती है।

उन्होंने कहा कि जहां सुमति है वहीं संपत्ति होती है यही बात विभीषण जी ने कहा। जहां सुमति



तहां संपत्ति नाना। जहां कुमति तहां विपत्ति निधाना।। आज लोग कथा सुनना नहीं चाहते हैं और रुपया कमाना चाहते हैं ऐसे लोगों के जीवन में यह घटना साबित होती है कि जैसे रेगिस्तान की भूमि में दूर से देखने पर दोपहर की गर्मी में जल दिखाई पड़ता है पर वास्तव में वह होता नहीं हम लोग भी अपने घर में सुख संपत्ति खोलते हैं पर राम कथा और सत्संग नहीं सुनते इसलिए आज हर घर में रामायण की जगह महाभारत हो रहा है और क्लेश हो रहा है। श्री राम कथा क्लेश मिटाकर सुख संपत्ति प्रदान करने वाली है इसलिए कथा सुनने का महत्व बताया गया है। कथावाचक आचार्य देवमुरारी बापू ने कथा के अंत में शंकर और पार्वती जी के विवाह की सुंदर कथा को वर्णन करते हुए विश्राम दिया कथा के अंत में पूर्व सरपंच रांवसर जागीर फौजी एवं रामचरण भौंरा वाले नेताजी ने आरती करते हुए आज के यजमान के रूप में कथा श्रवण की।

### स्कूल में कॉलेज चलो अभियान की जानकारी दी गई

अशोकनगर। कॉलेज चलो अभियान अन्तर्गत गुरूवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अशोकनगर के डॉ. नवीन पटवा एवं अरविन्द कौशिक ने शासकीय उ.मा. विद्यालय तूमैन एवं शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अशोकनगर का भ्रमण किया। डॉ. नवीन पटवा ने ऑनलाईन प्रवेश प्रकिया की सम्पूर्ण जानकारी, प्रवेश के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, अध्यादेश 14 (01) के अन्तर्गत विषय चयन आदि की जानकारी प्रदान की। उन्होनें महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से पात्रता अनुसार जानकारी प्रदान की। इसके उपरान्त महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। अन्त में कैरियर के चयन में रूचि, क्षमता एवं अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला। शासकीय उ.मा. विद्यालय तूमैन के प्राचार्य छोटेलाल अहिरवार एवं अन्य स्टॉफ का सहयोग सराहनीय रहा, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य महेन्द्र रघुवंशी एवं आदर्श दीक्षित का सहयोग सराहनीय रहा। तूमैन में 59 विद्यार्थी एवं शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अशोकनगर में 68 विद्यार्थियों ने कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत सहभागिता की।

## ऑनलाइन सट्टा सरगना आजाद खान गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा एक संवेदनशील एवं चर्चित प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना देहात में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 382/25, धारा 108, 3(5) बीएनएस अंतर्गत आत्महत्या के मामले में थाना कोतवाली को बड़ी सफलता प्राप्त की है। उक्त प्रकरण में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोपी आजाद खान पुत्र अलीम खान, निवासी ग्राम कोलुआ थाना देहात, हाल निवासी आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर को प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी तथा आरोपी के ठिकानों पर निरंतर निगरानी रखी। टीम की सतत मेहनत के परिणाम स्वरूप आरोपी आजाद खान पुत्र अलीम खान, निवासी ग्राम कोलुआ थाना देहात, हाल निवासी आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कोतवाली के अप0क्र0 552/25 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट, 112 बीएनएस में आरोपी की संपत्ति कुर्की के संबंध में धारा 107 बीएनएसएस का नोटिस तामील कराकर न्यायालय पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेरखेडी तूमैन निवासी सत्यम रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवदीप, दीपक चैधरी, और कपिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनौदा निवासी राकेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युवराज व हरपाल सरदार तथा अज्ञात दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी ऊधम सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल और विक्की अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी कल्लों बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटेराम अहिरवार और रामदेवी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में दो सडक दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए हैं। पहली घटना मे कबीरा रोड निवासी कान्ता बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजीव प्रजापति ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके 3 वर्ष के लडके में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पिंकी साहू निवासी विदिशा रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67 एमके 2645 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### महिला की बाईक से नीचे गिरने से मौत


**अशोकनगर**। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम केशोपुर निवासी देवकी बाई पति प्रताप सिंह धाकड़ अपने पुत्र सुखबीर सिंह धाकड़ के साथ बाइक पर बैठकर अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने भटौली गांव जा रही थी। जब बाइक परासरी के समीप सड़क से गुजर रही थी तभी स्पीड ब्रेकर पार करते समय बाइक से 55 वर्षीय महिला गिर गई जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवारजन जिला अस्पताल पहुंच गए।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से स्कूली की तीन छात्राएं घायल

**अशोकनगर**। शहर से पढ़ाई कर वापिस अपने गांव लौट रहीं 3 छात्राएं बस से अपने गांव अमाई फुटेरा गईं थी। सड़क से अन्दर गांव के लिए पैदल जा रहीं थी तभी एक लोडिंग वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे छात्राएं घायल हो गई। घायल छात्राओं में खुशबू पुत्री रामविलास उम्र 17 वर्ष, पूनम पुत्री जगदीश ओझा, नेहा सेन पुत्री हेमंत सेन शामिल हैं। जिसमें खुशबू को अधिक चोटे आई हैं।

भव्य शोभायात्रा निकली, श्रीजी हाथी पर सवार होकर निकले, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के जन्म का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। शहर में भव्य शोभा यात्रा निकली। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ,मिठाईयां बाटीं गई। इस पूरे जन्म कल्याणक का पहले मंच पर उत्सव दिखाया गया जब चल समारोह वापिस अयोध्या नगरी पहुंचा तब वहां भगवान का अभिषेक किया गया।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में किया जा रहा है। इस आयोजन में भगवान के माता पिता की भूमिका अनीता राकेश जैन द्वारा की जा रही है जबकि सौधर्म इन्द्र की भूमिका सुमत जैन और उनकी पत्नी द्वारा निभाई जा रही है। इसी तरह धन कुबेर की भूमिका में शेलेन्द्र जैन दददा सह परिवार हैं। इस आयोजन में यह सभी पात्र रथों पर सवार होकर भगवान जिनेन्द्र के जन्म के उत्सव में शामिल हुए। जैन धर्म की पताकाएं चारों ओर फहराती नजर आईं। हाथी पर सौधर्म इन्द्र सुमत अखाई भगवान को अपनी गोद में लेकर बैठे नजर आए।

### भगवान के जन्मोत्सव पर रत्नों की वर्षा की गई

इस जन्म कल्याणक महोत्सव से पहले मंच पर सौधर्म इन्द्र का दरबार लगाया गया यहां बालक आदिकुमार को अपनी पत्नी से मांगते हुए सौधर्म इन्द्र को देखा गया। एक गीत के माध्यम से यह सारी प्रस्तुती इस आयोजन में दिखाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले मंदिर का निर्माण कराओ, भगवान दे दो चाहे गुना रोड की जमीन लेलो, या फिर मुंगावली का मार्केट लेलो लेकिन भगवान को मुझे देदो। यह भगवान कोई ओर नहीं माता मरूदेवी और राजा नाभिराय के यहां जन्मे बालक आदिकुमार हैं। इस दौरान सौधर्म इन्द्र के साथ सभी इन्द्र अयोध्या नगरी में पहुंचे और पुत्रों के जन्म निवास पर बधाई नृत्य करते हुए पूरे पंडाल में श्रद्धालु नाचते गाते हुए देखे गए, बधाई गीत गाए गए। इस दौरान कुबेर ने रत्नों की वर्षा की। इन रत्नों को प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु हाथ पसारते हुए नजर आए।

### अयोध्या नगरी से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

भगवान के जन्म के मौके पर जहां बधाईयां और नृत्य के आयोजन हुए वहीं दूसरी ओर शहर में अयोध्या नगरी से एक शोभा यात्रा निकाली गई जो शशीन्द तिराहा, एफओवी ब्रिज, गांधी पार्क, पुराना बाजार, इन्द्रापार्क से सुभाषगंज, स्टेशन रोड होते हुए वापिस अयोध्या नगरी पहुंची। इस दौरान जगह जगह भगवान के जन्म का उत्सव मनाया गया, फूलों की वर्षा की गई, जगह जगह दीपक जलते हुए नजर आए, रंगोलिया बनाई गईं, मिठाईयां बांटी गईं, फलों का वितरण हुआ, आरती के आयोजन हुए। बाद में यह चल समारोह वापिस अयोध्या नगरी पहुंचा। जहां भगवान का अभिषेक किया गया।

### आज होगा पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिदिन होने वाले नियमित कार्यक्रमों के साथ मुनिश्री की मंगल देशना का आयोजन होगा और दोपहर 1 बजे पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया है। जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस पिच्छिका परिवर्तन समारोह में पुंगव मुनि श्री सुधासागर महाराज के साथ सभी संघस्थ 14 ऐलक मुनियों को भी नई पिच्छिकाएं प्रदान की जाएगीं। यह सभी पिच्छिकाएं भक्ति भाव से संगीतमय आयोजन के साथ दिगम्बर जैन युवा वर्ग की शानदार प्रस्तुती के द्वारा मंच तक लाई जाएगीं। यह पुरानी पिच्छिकाएं कईं श्रेष्ठीजनों को लेने का मौका मिलेगा। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में नीलेश जैन पार्टी एवं सत्येन्द्र शर्मा एंड पार्टी दिल्ली द्वारा संगीत प्रदान किया जा रहा है।

### मुनिश्री ने कहा-भगवान का जन्म का उत्सव सबसे श्रेष्ठ उत्सव

इस मौके पर राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे शक्तिशाली देव सौधर्म इन्द्र स्वयं प्रभु का प्रथम अभिषेक करते हैं। यह जन्म अभिषेक मेरू पर्वत पर होता है, यह संसार के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। इससे भी ऊपर पाडुंक शिला पर बालक भगवान का जन्म अभिषेक करते हुए चारों निकाय के देव एक साथ खड़े होते हैं। ऐसा करने वाला वह भव्य अवतारी बन जाता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति चाहता है कि मेरा जीवन सदा मंगलमय हो लेकिन दुनिया में कुछ नियम ऐसे हैं जिनका पालन करना जरूरी है। कुछ कार्य वह जानकर करता है और कुछ कार्य ऐसे होते हैं जिनसे अंमगल हो जाते हैं। संसार में कोई भी स्थान शुद्ध नही हैं। पापियों ने पाप करके सारे संसार को अशुद्ध कर दिया है। जबकि बिना शुद्धि के कोई अनुष्ठान हो ही नहीं सकता। कभी मन अशुद्ध हो जाता है तो कभी कान, हाथ, पैर अशुद्ध हो जाते हैं।



### सफाई से काम्प्लेक्स में वॉश ऑन व्हील का शुभारंभ

**अशोकनगर**। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति के निर्देशन में ग्राम पंचायत नईसराय में शासकीय माधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण के पास स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई हेतु स्वच्छ्ता साथी को पीपीई किट, स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रामेन्द रघुवंशी,सहायक सचिव सीमा प्रजापति एवं स्वच्छाग्राही भगवत किशोर चक्रवर्ती ने स्वच्छता साथी महेंद्र वाल्मीकि को सम्मानित किया। विद्यालय प्रांगण में बालिका शौचालयों के सफाई डेमो देकर विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियो से फीडबैक लिए जो सकारात्मक रहे। विकासखण्ड समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि स्वच्छ शौचालय और गंदगीमुक्त परिवेश आज की आवश्यकता है,और इसकी पूर्ति के लिए शासन, प्रशासन के सहयोग के साथ आमजन की सहभागिता आवश्यक है। जब समुदाय नवाचार को अपनाएगा तो हर शौचालय और गांव स्वच्छ और हरित नजर आएगा।ग्राम पंचायत सचिव ने सभी ग्रामवासियों से अपील करते हुए स्वच्छता साथी मोबाइल एप से वॉश ऑन व्हील अंतर्गत प्रदान की जाने वाली शौचालय सफाई की प्रोफेशनल सेवाओं की बुकिंग करने हेतु प्रेरित किया। स्वच्छता साथी महेंद्र वाल्मीकि ने सेफ्टी किट पहनकर वॉशर मशीन से सफाई के अनुभव साझा करते हुए बताया कि ड्रेस पहनकर जब हम कार्य करते हैं तो स्वच्छता सैनिक जैसा महसूस करते हैं। इससे जहां एक ओर हमारे कार्य को पहचान मिल रही हैं। वहीं हमारा आत्म सम्मान भी बढ़ा है।

## आजादी के 78 साल बाद मूलभूत सुविधाओं को तरसते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

तहसील पिपरई से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गरेठी के आदिवासी बस्ती के लोगों ने मगंलवार को जनसुनवाई मे कलेक्टर से की शिकायत भले ही विकास के लाख दावे किए हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कोसों दूर है ग्राम पंचायत गरेठी में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 इसी गली पर है छोटे-छोटे बच्चे कई सालों से कीचड़ में निकल रहे मजबूर हैं।

कुछ बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र डर के मारे नहीं जाते कच्चे मकान होने से बच्चों के पालक डरते बच्चों की चिंता करते हैं। इन चार स्थानों पर कभी नहीं हुआ सीसी रोड नहीं डाला जितने भी सरपंच बने कभी किसी ने भी सरपंच ने नहीं करवाया खरंजा। 1 बल्लू ,राम भरोसी के द्वार से गोड बाबा स्थान तक।

2 टीका का बाबा के द्वारा से रामलाल धर्मलाल पप्पू आदिवासी परमाल आदिवासी आम वाली गली



आदिवासी बस्ती तक।

3तीसरा रास्ता दीपक सोलंकी द्वार से रामकिशोर के द्वार तक मात्र 50 फीट ।

4 चैथा स्थान ग्राम खिरिया में भैरव बाबा के चबूतरा तक।

ग्रामीणों ने पंचनामा बनाकर मंगलवार जनसुनवाई में ग्राम पंचायत गरेठी कार्यालय में प्रदान करने गए तो ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सुल्तान आदिवासी उप सरपंच राजपाल सिंह, पंचायत सचिव यादव ने आवेदन वापस कर दिया। बोले कि यह आवेदन कलेक्टर को पटवारी को देना हम आवेदन नहीं लेते जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

## मॉक ड्रिल के माध्यम से एनडीआरएफ की टीम ने आपदा से बचाने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन अशोकनगर के तत्वाधान मे एनडीआरएफ लखनऊ टीम, अशोकनगर एसडीईआरएफ ,फायर विभाग, पी.डब्लू.डी.,जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रास की टीमों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर अशोकनगर में गुरूवार को भूकंप आपदा पर संयुक्त माँक अभ्यास किया गया।

यह मॉक अभ्यास किसी भी प्रकार की भूकंप व फायर आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य हेतु किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य घायल व चोटिल ब्यक्तियो के अमूल्य जीवन की रक्षा करना ,सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस माँक अभ्यास द्वारा



खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। इस माँक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ , फायर विभाग, पी.डब्लू.डी., जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सिचाई विभाग, और रेडक्रास विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस माँक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की गई। इस माँक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ लखनऊ के सहायक कमांडेंट ए. सिकंदर एवं टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह द्वारा किया गया।

सहायक कमांडेंट ए. सिकंदर ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पोंस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह की भूकंप जैसी आपदाओ में होने वाली दुर्घटनाओ से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के माँक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस माँक अभ्यास के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.स ि न्डोस्कर एवं बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, एनडीआरएफ के टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह और निरीक्षक अजय सिंह यादव सहित 30 सदस्यी टीम एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पोस्टमार्टम के बाद शवों को सामग्री नहीं दे रहे अस्पताल

**पीड़ितों से ही मगाई जाती है सामग्री, समाज ने ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अहिरवार समाज संघ अशोकनगर ने पोस्टमार्टम उपरांत शव सुपुर्दगी में सुधार हेतु ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम उपरांत शव सुपुर्दगी के दौरान आवश्यक सामग्री उपलब्ध न होने की वजह से काली पन्नी, डिब्बे, रस्सी, नमक आदि सामग्री पीड़ति परिजनों से मंगाया जाता है। अहिरवार समाज संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधीश से मुलाकात कर पूरे जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पोस्टमार्टम हेतु आवश्यक सामग्री परिजनों से न लेकर स्वास्थ्य संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष रवि मोहने ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्दगी के दौरान उपयोग आने बाली सामग्री सभी स्वास्थ्य केंद्रों में



यह सामग्री स्वयं संघ द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। रवि मोहने ने कहा कि यह कार्य पूर्णतः सामाजिक उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर समाज संघ भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार हेतु सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान संघ के पदाधिकारी रवि मोहने, मोहर सिंह चैधरी, मनीराम आईटीआई, गजराज सिंह, भरोसीलाल, ज्ञानी दास, दंगल सिंह, रामबली, मीडिया प्रभारी मोहन जाटव तथा एडवोकेट दुर्गेश अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चंदेरी के चिन्हित वन संरक्षित क्षेत्र अभ्यारण घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंदेरी के चिन्हित वन संरक्षित क्षेत्र (अभ्यारण) घोषित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में तर्क दिया है कि चंदेरी क्षेत्र वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था, जो कि हमे इतिहास के पन्नों को देखने पर पता चलता है।

ओर वन क्षेत्र में स्थित मृढिया पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी (हर्बल हिल) के नाम से प्रसिध्द है। जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियों की जड़ी बूटी पाई जाती है। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य/हेरिटेज बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उपरोक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की जाए।

### नवीन प्रस्तावित चंदेरी (उत्तर) अभ्यारण के संबंध में सामान्य जानकारी

चंदेरी क्षेत्र विगत काल में राजवंशों के अन्तर्गत शासित क्षेत्र रहा है, तथा वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था जो हमें इतिहास के पन्नों को पलट कर देखने पर पता चलता है, किन्तु आज भी यह क्षेत्र जैव विविधता एवं ऐतिहासिक धरोहर की दृष्टि से अत्यन्त महत्पूर्ण है। चंदेरी पर विभिन्न राजवंशों के शासन काल में जब आधुनिकता का दौर नहीं था, स्थानीय लोग जड़ी-बूटी पर निर्भर रहकर सेहत का ध्यान रखते थे। वन क्षेत्र में स्थित मुड़यिा पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी (हर्बल हिल) के नाम से प्रसिद्ध है, जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियां पाई जाती हैं। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य हेरिटेज अभ्यारण्य बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। चंदेरी रेंज के अंतर्गत उत्तर दिशा में स्थित वन क्षेत्र में वन्य प्राणी अत्याधिक संख्या में पाये जाते है तथा वन क्षेत्र भी अत्यंत घना है चंदेरी क्षेत्र पूर्व से वन एवं वन्य प्राणियों की दृष्टि से अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र (अभ्यारण) घोषित करने के संबंध में शासन को अधिसूचना हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये गये है।

### अभ्यारण घोषित करने के उद्देश्य

वन एवं वन्य प्राणियों को सुरक्षा प्रदाय करना। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना।ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना। स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर प्रदाय करना। क्षेत्र को राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चिन्हांकित करना। चन्देरी वन मण्डल का नाम सामान्य वनमण्डल, अशोकनगर। वन परिक्षेत्र- चंदेरी (उत्तर) वन्य जीव कन्जर्वेशन का नाम चंदेरी (उत्तर) क्षेत्रफल 15847.645 हैक्टेयर या 158.47 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला हुआ है।

### मुंगावली जैन समाज के निर्विरोध चुनाव में रूपेश जैन अध्यक्ष

**मुंगावली**। दिगम्बर जैन पंचायत के चुनाव में बुधवार को नाम वापसी के अंतिम दिवस वरिष्ठ लोगो की एक बैठक में कई लोगों ने अपने नामांकन वापिस लिए ओर सहमति से अध्यक्ष व सहमंत्री को चुना। आपको बता दे कि कोषाध्यक्ष पद के लिए राहुल जैन सराफ का फार्म आया था अन्य किसी भी जन ने कोषाध्यक्ष पद के लिए फार्म जमा नही किया,जिससे प्रक्रिया के पहले ही दिन राहुल का कोषाध्यक्ष बनना तय हो गया था। कल रात हुई बैठक के बाद दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष पद पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रूपेश जैन को निर्विरोध चुना गया तो वहीं सहमंत्री सुबोध जैन ओर कोषाध्यक्ष पद के लिए राहुल जैन सराफ को निर्विरोध चुना गया। वही अब उपाध्यक्ष,महामंत्री ओर आडिटर के पद पर चुनाव संपन्न होगा। जिसका मतदान 14 दिसंबर को किया जाएगा। इस समय दिगम्बर जैन पंचायत की नवीन कार्यकारणी के लिए चुनाव संपन्न कराए जा रहे है,चुनाव प्रक्रिया के समस्त कार्य अरुण जैन, धर्मेंद्र शिक्षक, व मुकेश जैन करा रहे है। जिसमें 6 पदों के साथ 11 सदस्यों के चुनाव होना तय है जिसमें तीन पदों ओर सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हो चुका है। उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र भगत व अभिषेक सिंघई,महामंत्री पद के लिए राजीव भगत व शशांक सिंघई तो आडिटर पद के लिए संजीव जैन ओर शुभांशु सिंघई के बीच चुनाव होना है।



## एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले की विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अ.जा.) की अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद अशोकनगर के सभाकक्ष में अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र 032 के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए,विधानसभा प्रभारियों तथा बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में उपस्थित राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को ईआरओ, एईआरओ द्वारा वर्तमान में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत विधानसभा की जानकारी दी। जिसमें कुल मतदाता 223410, गणना पत्रकों का डिजीटाईजेशन 211761, यूईएफ मतदाता 11649, कोई मैपिंग नहीं 3870 दर्ज की



जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी विस्तृत निर्देशों को पढ़कर सुनाया और राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की गई कि आप अपने-अपने बीएलए को क्षेत्रीय बीएलओ से समन्वय कर उनके मतदान केन्द्र में कुल दर्ज मतदाता, मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता व अनुपस्थित मतदाताओं की सूची प्राप्त कर उसका अवलोकन कर ले। किसी मतदाता की जानकारी में संशोधन करना हो तो निर्धारित समय से पूर्व सूचित इस कार्यालय को सूचित करें ।

बैठक में एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा राजनैतिक पदाधिकारियों को बताया कि ऐसे मतदाता जिनकी वर्ष 2003 की स्वयं या परिवारजनों की जानकारी बी.एल.ओ. को प्राप्त नहीं हुई ऐसे मतदाताओं को अभी बी.एल.ओ. द्वारा नो मैपिंग में दर्ज किया है जिन्हे 16 दिसम्बर 2025 से दिनांक 07 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जावेगें। जिनके जबाब में मतदाता द्वारा आयोग से निर्धारित कुल 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कर लिया जावेगा। सभी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रवार संख्यात्मक सूचीयां प्रदान की गई।

## कलेक्टोरेट में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

# गोवंश को बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस, किया कलेक्ट्रेट का घेराव

### प्रदर्शन के पूर्व आयोजित सभा में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ जिले सहित प्रदेश की सड़कों, राजमार्गों सहित यहां-वहां लावारिस हालत में घूम रहे गोवंश की दुर्दशा पर गुरुवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन, प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस के कई प्रदेश पदाधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

स्थानीय खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में करीब 3 घंटे तक चली सभा के उपरान्त शाम करीब 4.30 बजे सैकड़ों कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पहले से भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कलेक्टोरेट परिसर मे जबरन दाखिल होने से रोक लिया। कलेक्टेट के मेन गेट पर काफी समय तक चले प्रदर्शन, नारेबाजी और धक्कामुक्की के बाद अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान को युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश भर में लावारिस हाल में घूम रहे गोवंश को बचाने मप्र शासन से हस्तक्षेप करते हुए चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग रखी गई।



#### तीन घंटे तक चली सभा में जमकर बरसे इंकाई

युवक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस प्रदेश घनघोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व केबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह, युकां प्रदेश प्रभारी चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापूसिंह तंवर सहित कई इंकाजनों ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

सभा को संबोधित करते हुए युकां प्रदेशाध्यक्ष घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की महज 15 महीने की सरकार में हमने गोवंश के लिए 300 से अधिक गोशालों का निर्माण किया लेकिन उसके बाद आज तक एक भी नई गौशाला नहीं बनी है। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने कहा कि आज तो गोवंश को बचाने में यदि आवश्यकता लगी तो हम प्रदेशव्यापी आंदोलन आगामी दिनों में करेंगे।

#### 20 साल में भाजपा ने नहीं बनवाई एक भी गोशाला

पूर्व ऊर्जामंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने कहा कि प्रदेश की सड़कों पर हजारों गोवंश निराश्रित घूम रहे हैं। पिछले 20 सालों की भाजपा सरकार ने इन गौवंश की सुध नहीं ली और आज तक एक गोशाला नहीं खुलवाई। भाजपा सिर्फ गोमाता के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं।

#### भाजपा सरकार में खुल रहे कई बूचड़खाने

अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के लोग गोमाता को आवारा पशु बोलते हैं। एक तरफ वे गोवंश को माता दर्जा देते हैं वहीं दूसरे ओर लाखों गौवंश निराश्रित छोड़ रखे हैं। जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया ने कहा कि गाय माता और गोवंश के लिए हमारी कांग्रेस सरकार में ही गोसंवर्धन बोर्ड गठित किया गया। गाय का माता कहने वाले भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बूचड़खाने खोले जा रहे हैं।

## 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा

**जीरापुर।** पेंशनर संघ मध्य प्रदेश द्वारा एक बैठक आयोजित कर आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाने के लिए चर्चा की जिसमें बताया गया कि पेंशनरों को उनका हक दिलाने वाले डीएम नकारा की 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा उक्त कार्यक्रम स्थानीय पेंशनर भवन में दोपहर दो बजे से प्रारंभ किया जावेगा। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में पेंशनरों का 32 माह का एरियर केंद्रीय दर पर महंगाई भत्ता अभिलंब स्वीकृत करने , धारा 49 की समाप्ति , चिकित्सा भत्ता 3000 रूपये मासिक स्वीकृत करने सहित विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन भी दिया जावेगा पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि सभी पेंशनरों को पेंशनर डे मनाने हेतु सूचित किया जा रहा है जहां पर आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी समय पर उपस्थित रहे।

## जिम्मेदारों की अनदेखी

# हाईवे की बेशकीमती जमीन पर किया जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नगर की रहवासी विद्याधाम कालोनी में दुकानों का निर्माण कर स्टेट हाईवे के किनारे की बेशकीमती शासकीय रकबा नम्बर 1239 जमीन पर नितेश पिता प्रकाश मालवीय द्वारा तारफेंसिंग कर व्यवसायिक कार्य किया जा रहा है! उक्त बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पूछने पर उक्त अतिक्रमणकर्ता ने बताया की मेने रामगोपाल सत्यनारायण मोदी से किराए पर यह जगह ली है! अब विचारणीय बात यह है की उक्त शासकीय जमीन को कोई किस तरह किराए पर दे सकता है! अगर जिम्मेदारों द्वारा समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो यह अस्थाई अतिक्रमण कब्जे का रूप ले लेगा अब देखना है की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस जमीन के अतिक्रमणकर्ता पर क्या और कब कार्यवाही की जाती है! या फिर एक बार बेशकीमती शासकीय जमीन भू माफिया के कब्जे में चली जाती है।

#### इनका कहना है...

हमने उक्त अतिक्रमणकर्ता पर रामगोपाल, सत्यनारायण मोदी पर अर्थ दंड किया आगे हम बेदखली की कार्रवाई करेंगे।

रामनिवास धाकड़ नायब तहसीलदार माचलपुर

## 501 कलश धारण कर मातृ-शक्तियों ने निकाली भव्य यात्रा

### गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय महायज्ञ के तहत हुआ आयोजन



**राजगढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में राजगढ़ में 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। इस आयोजन के प्रथम दिवस नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 501 कन्याएं, बालिकाएं सहित अन्य मातृ-शक्तियां 501 कलश सिर पर धारण करते हुए साथ चल रही थीं। कलश यात्रा में शामिल सभी महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए थीं। स्थानीय गायत्री प्रज्ञा भवन में आरंभ हुई कलश यात्रा नाका नंबर 3, मेन मार्केट से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा का नगर में कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्व पर सवार एक बालिका सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## सबूतों के आधार पर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नवंबर 2023 में एक विवाहिता महिला ने अपने पति द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना और दहेज की मांग से आहत होकर जहर खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। मामले में जीरापुर पुलिस ने उस समय मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के उपरान्त चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने इस मामले में मृतका महिला के पति को 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

#### सबूतों व गवाहों के आधार पर की सुनवाई

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि पार्वतीबाई दांगी का विवाह नयागांव (खुमानपुरा) निवासी राजेश पिता राधेश्याम दांगी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही राजेश द्वारा उसे मायके से दहेज लाने सहित अन्य बातों पर प्रताड़ना दी जा रही थी। बार-बार की प्रताड़ना से तंग आकर पार्वतीबाई ने एक दिन जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग की जांच में मायके पक्ष के बयानों सहित अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सत्र न्यायाधीश राजीव म. आप्टे द्वारा दोषी राजेश दांगी को 5 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। फैंसल में लेख किया गया कि निश्चित रूप से यह अपराध समाज में घृणित अपराधों में से एक है जिसके परिणामस्वरूप एक जीवन अकाल ही काल-कवलित हो गया।

## छात्रों को मिला आर्थिक सशक्तीकरण का संदेश

# कॉलेज में आयोजित वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम




**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में पाइनेंशियल एजुकेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश और डिजिटल बैंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

इस अवसर पर इंदौर से आमंत्रित चार्टर्ड अकाउंटेंट आकांक्षा गर्ग एवं सुमित सिंह मोंगिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शुरुआत मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत में तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य और युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक छात्र के लिए बजट बनाना, जिम्मेदारी से खर्च करना, सुरक्षित ऑनलाइन लेनदूदेन करना तथा भविष्य के लिए निवेश की आदत विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। सही समय पर लिए गए वित्तीय निर्णय जीवन को सशक्त और सुरक्षित बनाते हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बजटिंग और मनी मैनेजमेंट, बचत की आदतें और फंड प्लानिंग, म्यूचुअल फंड, एसआईपी (ैप्) एवं शेयर बाजार की मूल बातें, डिजिटल पेमेंट्स की सुरक्षा तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सीमित आय में भी उचित योजना बनाकर आर्थिक स्थिरता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग इंटरएक्टिव क्विज और वास्तविक जीवन से जुड़ी फाइनेंशियल प्लानिंग पर आधारित केस-स्टडी रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे छात्रों को वित्तीय निर्णय लेने की व्यवहारिक समझ विकसित करने में सहायता मिली। प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में सही आर्थिक निर्णय लेने के लिए भी तैयार करते हैं।

# व्यवस्थाएं सुधारने सड़क पर उतरा अमला, एक ही दिन में दिखा सुधार

### नपा ने अतिक्रमण से जब्त की सामग्री

**नरसिंहगढ़।** शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने गुरुवार को प्रशासन, नपा और पुलिस का संयुक्त दल सड़कों पर उतरा। एक दिन पहले की गई मुनादी और चेतावनी का असर गुरुवार को साफ नजर आया। बाजार से जहां हाथ ठेले गायब दिखे, वहीं दुकानों के सामने से अतिक्रमण भी हट गया। मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। जिन स्थानों पर चेतावनी के बाद भी सामग्री पड़ी मिली, उसे नपा अमले ने जब्त किया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, टीआई शिवराज सिंह सहित राजस्व, नपा और पुलिस बल मौजूद रहा।

#### दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण किया गया या निर्धारित स्थानों से हटकर दुकान लगाई गई, तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शहर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी जारी रहेगी।

#### सीएमओ ने नगर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मोहल्ले, वार्ड का किया निरीक्षण

जीरापुर। आगामी स्वच्छता अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर नगर में साफदृसफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु सीएमओ हरिओम शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रमुख मार्गों, गलियों,वार्डों और मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और संबंधित कर्मचारियों को समय पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। अभियान को सफल बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इस मौकेपर सीएमओ हरिओम शर्मा, दरोगा आजाद झावा,रामप्रसाद झावा,राजू झावा,विजय कुशवाह सहित परिषद कर्मचारी भ्रमण मे उपस्थित रहे।

## सुठालिया शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**सुठालिया।** नगर पीला खाल स्थित शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। राजस्व, पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के अमले ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उस भूमि पर की गई है, जिस पर पिछले कुछ समय से अतिक्रमण के चलते बाउंड्री वॉल का कार्य रुक गया था। गौरतलब है कि इस भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में एक महिला ने जहर खा लिया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई करने का निर्णय लिया। शासकीय महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

## 13 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज

### मामूली बात पर हुई थी पत्थरबाजी, तोड़फोड़

**राजगढ़-छापीहेड़ा।** जिले के छापीहेड़ा कस्बे में कांकरिया जोड़ बस स्टैंड पर बुधवार रात्रि मामूली बात पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला करते हुए न केवल पत्थरबाजी की बल्कि वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को भी अंजाम दिया था। घटना के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए और जिले के विभिन्न थानों से बल भिजवाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया गया था। इस मामले में छापीहेड़ा पुलिस ने एक पक्ष के 14 लोगों पर बलवा समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने फरियादी जीतमल पिता शिवनारायण दांगी निवासी नाटाराम की रिपोर्ट पर वासू पिता रामनिवास झंझावत, गोविंद पिता रमेश झंझावत, दीपक झंझावत, रोहन पिता गुलाब झंझावत, सोहन पिता गुलाब सिंह झंझावत, रोनी झंझावत, दीपू पटेल, मस्तराम कंजर, निर्मल पिता बंकट कंजर, बालकिशन कंजर, चांदू पिता निर्मल कंजर, नैनसिंह कंजर एवं कमल पिता मोहन कंजर सहित अन्य पर बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 190, 191(3), 324(5) के तहत अपराध कायम किया है।

## खाटू धाम पर 13वां वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन भजनों पर थिरके श्रद्धालु



**खुजनेर।** कुंज नगर खुजनेर में मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर मंगलवार को 13 वा वार्षिक महोत्सव का आयोजन आयोजित हुआ जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया गया वहीं कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई वहीं दूर दूर से भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ा मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए श्री श्याम मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था श्याम प्रेमियों ने पावन ज्योत लेकर परिवार में मंगलकामनाएं की पूरा पंडाल इत्र की खुशबू से महक उठा वही रात्रि 12 बजे श्री श्याम की महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

## दीनदयाल रसोई योजना के क्रियान्वयन को लेकर खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** शासन की दीनदयाल रसोई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन को लेकर कलेक्टर राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा नियुक्त खण्ड स्तरीय समन्वयध्अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बम्होरे ने की। आयोजित बैठक में दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन हेतु गैर-शासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों एवं व्यक्तियों से ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। ई-निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 05 निविदाकारों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार परीक्षण कर संस्थाध्फर्मध्एजेंसीध्व्यक्ति के चयन की प्रक्रिया पर आवश्यक कार्यवाही की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे,जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में योजना के सुचारू संचालन, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं हितग्राहियों को समयबद्ध एवं सुलभ लाभ प्रदान करने पर विशेष चर्चा की गई।

## एसआईआर में लापरवाही पर प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में इन दिनों मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य चल रहा है। निवार्चन संबंधी इस कार्य को प्रशासनिक अधिकारी सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ अधीनस्थ अमले से सामंजस्य बैठाकर पूर्ण करवा रहे हैं। लेकिन, एसआईआर में ड्यूटीरत कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जो इस कार्य को अरुचि से करते हुए कई लापरवाहियां भी कर रहे हैं।

इसी तरह के एक मामले में राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत गणना पत्रकों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक रामकैलाश दांगी को कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

#### एक दिवस पूर्व मावि शिक्षक हुए थे सस्पेंड

निलंबन की उक्त कार्रवाई के एक दिवस पूर्व ही एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर खुजनेर के प्राथमिक शिक्षक मांगीलाल राठौर को भी सस्पेंड करने की कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा चुकी है। एसडीएम सह निवार्चक रजिस्टीकरण अधिकारी के प्रतिवेदन पर उक्त कार्रवाई हुई हैं।

## 1 करोड़ 51 लाख से होंगे निर्माण कार्य, 13 को होगा भूमिपूजन

# मंत्री टेटवाल की विधायक निधि से नगर में सड़क नाला, सामुदायिक भवन व अन्य निर्माण कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर पालिका में पार्षदों के आपसी विवाद के चलते लंबे समय से नगर के विकास कार्य प्रभावित थे, लेकिन अब क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की पहल से नगर को बड़ी विकास राशि की सौगात मिली है। विधायक निधि से 1 करोड़ 51 लाख की राशि नगरीय निकाय सारंगपुर के लिए स्वीकृत की गई है, वहीं श्री राम मंदिर पंडितवाड़ी के लिए 14 लाख की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कराई गई है। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे। सभी कार्यों के टेंडर पूर्ण हो चुके हैं तथा एजेंसी तय कर ली गई है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल 13 दिसंबर को विधिवत भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

#### स्वीकृत विकास कार्य इस प्रकार हैं

वार्ड 1 में सीमेंट सड़क निर्माण 11 लाख,वार्ड 2 में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख,वार्ड 5 में व्यायामशाला मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख,वार्ड 7 में सीसी रोड निर्माण 18 लाख,वार्ड 8 बजरंग कॉलोनी में सीसी रोड 20 लाख वार्ड 9 में सामुदायिक भवन 18 लाख,वार्ड 10 भूरी का मैदान, मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख,वार्ड 15 में फूलमाली समाज धर्मशाला की बाउंड्रीवाल 12 लाख,वार्ड 16 में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 17 तारागंज में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 18 राधानगर में नाला निर्माण 18 लाख वही श्री जैन ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की राजनीति आड़े नहीं आने दी जाएगी और सभी को पूर्वाग्रह त्यागकर नगर विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के लिए 5 करोड़ तथा विश्राम गृह के लिए 4.90 करोड़ के कार्यों का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

